# बप्पा बर्मन योग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दमखम

***मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग शिक्षा के विद्यार्थी है बप्पा थाईलैंड के बैंकॉक शहर में होने वाली आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा***




**चित्तौड़गढ़। (स्वर्णिम हिन्दुस्तान) (अमित कुमार चेचानी)।** थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 27 से 30 मार्च 2023 को आयोजित होने जा रही आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विद्यार्थी बप्पा बर्मन भाग ले रहे है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए बप्पा ने ऑल इंडिया योगा कल्चर फेडरेशन द्वारा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल योगासन चैंपियनशिप में सीनियर बॉयज कैटिगरी में जीत हासिल की थी। बप्पा बर्मन पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी है और मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग में बीए प्रथम वर्ष के विधार्थी है। विभाग की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह के सानिध्य एवं विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा और योग शिक्षक बप्पा विश्वास के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यास कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर बप्पा बर्मन को हार्दिक बधाई दी और उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु आर्थिक सहयोग की स्वीकृति भी प्रदान की है।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार मिश्रा ने भी बप्पा को उनकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट् अंतर्राष्ट्रीय और अंतर राज्यीय स्तर पर अपना दमखम दिखाएंगे






गंगरार । थाईलैंड के बैंकॉक शहर में आयोजित होने वाली आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में योग स्टूडेंट बप्पा बर्मन अपनी प्रतिभा दिखाएंगे वहीं राष्ट्रीय स्तर के लिये आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में राजपुरोहित और ऋषिपाल अपना दमखम दिखाएंगे प्रेम राजपुरोहित राजस्थान राज्य से और ऋषिपाल पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे गंगरार। थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 27 से 30 मार्च 2023 को आयोजित होने जा रही आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट बप्पा बर्मन भाग ले रहे है, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित है और यूनिवर्सिटी स्तर पर इस प्रतियोगिता को लेकर उनकी काफी तैयारियां चल रही है । मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए बप्पा ने ऑल इंडिया योगा कल्चर फेडरेशन द्वारा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल योगासन चैंपियनशिप में सीनियर बॉयज कैटिगरी में जीत हासिल की थी। बप्पा बर्मन पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी है और मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग विभाग में बीए प्रथम वर्ष के विधार्थी है । कला संकाय की डीन डॉ चित्रलेखा सिंह के सानिध्य एवं विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा और योग शिक्षक बप्पा विश्वास के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यास कर रहे हैं।

यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गदिया ने अंतराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर बप्पा बर्मन को हार्दिक बधाई दी और उनकी आर्थिक स्थिति को




ध्यान में रखते हुए चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु आर्थिक सहयोग की स्वीकृति भी प्रदान की है। बप्पा के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से मेवाड़ विश्वविधालय प्रशासन भी काफी खुश है। मेवाड़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो . डाक्टर आलोक कुमार मिश्रा ने भी बप्पा को उनकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। फाइन आर्ट के डीन डॉ. प्रोफेसर चित्रलेखा सिंह ने बताया कि बप्पा बर्मन ने इस प्रतियोगिता के लिये कड़ी मेहनत की थी और यह उसी का परिणाम है कि उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनाव हुआ था ।प्रथम मास्टर व तृतीय नेशनल योगासन प्रतियोगिता» मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट प्रेम राजपुरोहित एवं ऋषिपाल लेंगे भाग और दिखाएंगे अपना दमखम

**प्रेम राजुरोहित राजस्थान और ऋषिपाल पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे**

। भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा राजस्थान के जोधपुर शहर में 19 मार्च से शुरू हो रही प्रथम मास्टर व तृतीय सीनियर नेशनल योगासन प्रतियोगिता में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट प्रेम राजपुरोहित और ऋषि पाल भाग लेंगे । इस प्रतियोगिता में प्रेम राजपुरोहित राजस्थान राज्य से और ऋषिपाल पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस प्रतियोगिता को लेकर दोनों योग स्टूडेंट काफी उत्साहित है और मेवाड़ यूनिवर्सिटी में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डी.के. शर्मा ने बताया कि प्रेम राजपुरोहित एम. ए. प्रथम वर्ष और ऋषिपाल एम. ए. द्वितीय वर्ष योग के स्टूडेंट है और योग विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा एवं योग शिक्षक बप्पा बिस्वास के सान्निध्य में निरंतर योगाभ्यास कर रहे हे । प्रेम राजपुरोहित सीनियर वर्ग ( 18- 25 वर्ष ) और ऋषिपाल का मास्टर सीनियर-ए वर्ग (35-45 वर्ष) में चयन हुआ है ।

मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गदिया ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेम राजपुरोहित एवं ऋषि पाल को उनके चयन पर शुभकामनाएं दी। यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर प्रो . डाक्टर आलोक कुमार मिश्रा ने दोनों स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 450 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे

# योग छात्र बप्पा बर्मन करेंगें बैंकॉक में प्रदर्शन

**गंगरार।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट बप्पा बर्मन थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 27 से 30 मार्च तक आयोजित आठवीं अंतर्राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए बप्पा ने ऑल इंडिया योगा कल्चर फेडरेशन द्वारा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल योगासन चैंपियनशिप में सीनियर बॉयज कैटेगरी में जीत हासिल की थी। बप्पा बर्मन पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी है और मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग विभाग में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं। भारत




सरकार के युवा और खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा राजस्थान के जोधपुर शहर में 19 मार्च से शुरू हो रही प्रथम मास्टर व तृतीय सीनियर नेशनल योगासन प्रतियोगिता में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट प्रेम




राजपुरोहित और ऋषिपाल भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रेम राजपुरोहित राजस्थान राज्य से और ऋषिपाल पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि प्रेम राजपुरोहित एमए प्रथम वर्ष और ऋषिपाल एमए द्वितीय वर्ष योग के स्टूडेंट है।

Jannayak 14-03-2023

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट अंतर्राष्ट्रीय और अंतर राज्यीय स्तर पर दिखाएंगे दमखम




चित्तौड़गढ़| थाईलैंड के बैंकॉक में 27 से 30 मार्च को होने जा रही 8वीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट बप्पा बर्मन भाग लेंगे। यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि बप्पा ने ऑल इंडिया योगा कल्चर फेडरेशन द्वारा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल योगासन चैंपियनशिप में सीनियर बॉयज कैटेगरी में जीत हासिल की थी। बप्पा बर्मन पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी हैं। यहां योग विभाग में बीए प्रथम वर्ष के विधार्थी हैं। कला संकाय की डीन डॉ. चित्रलेखासिंह के सानिध्य एवं विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा और योग शिक्षक बप्पा विश्वास के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. अशोककुमार गदिया ने चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग की स्वीकृति दी। इसी तरह जोधपुर में 19 मार्च से हो रही प्रथम मास्टर व तृतीय सीनियर नेशनल योगासन प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी के योग स्टूडेंट प्रेम राजपुरोहित और ऋषि पाल भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रेम राजस्थान और ऋषिपाल पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे। यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक डी.के. शर्मा ने बताया कि प्रेम राजपुरोहित एमए प्रथम वर्ष और ऋषिपाल एमए द्वितीय वर्ष योग के स्टूडेंट हैं। प्रेम का सीनियर वर्ग (18- 25 वर्ष) और ऋषिपाल का मास्टर सीनियर-ए वर्ग (35-45 वर्ष) में चयन हुआ है।

Dainik Bhaskar 14-03-2023

## मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग शिक्षा के विद्यार्थी है बप्पा

# बप्पा बर्मन योग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दमखम

### थाईलैंड के बैंकॉक शहर में होने वाली आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा




चमकता राजस्थान. चित्तौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)। थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 27 से 30 मार्च 2023 को आयोजित होने जा रही आठवीं अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विद्यार्थी बप्पा बर्मन भाग ले रहे है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डीके शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए बप्पा ने ऑल इंडिया योगा कल्चर फेडरेशन द्वारा औरंगाबाद में आयोजित नेशनल योगासन चैंपियनशिप में सीनियर बॉयज कैटिगरी में जीत हासिल की थी। बप्पा बर्मन पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी है और मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग में बीए प्रथम वर्ष के विधार्थी है । विभाग की डीन डॉ चित्रलेखा सिंह के सानिध्य एवं विभागाध्यक्ष सुरभि शर्मा और योग शिक्षक बप्पा विश्वास के मार्गदर्शन में निरंतर योगाभ्यास कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ अशोक कुमार गदिया ने अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर बप्पा बर्मन को हार्दिक बधाई दी और उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु आर्थिक सहयोग की स्वीकृति भी प्रदान की है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार मिश्रा ने भी बप्पा को उनकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।